दो दिन बाद पंद्रह दिन होगा श्रीमद् भागवत,विधायक बोले विधानसभा में मामला उठाऊंगा

शराब दुकान हटाने की मांग पर हुआ चक्काजाम, प्रशासन-नेताओं में हुई चर्चा बेनतीजा

नवभारत न्यूज

पिपला नारा.वार 3 जून .पिपला बस स्टैंड परिसर में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन छठवें दिन भी बड़े स्तर पर जारी रहा। बुधवार को कांग्रेस नेताओं एवं क्षेत्रवासियों का आक्रोश फूट पड़ा और सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने बजाज-राजना मार्ग पर चक्काजाम कर मुख्य मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था लगभग तीन घंटे तक प्रभावित रही और पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई।

विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। वहीं विधानसभा में प्रश्न लगाकर

सरकार का ध्यानाकर्षण करूंगा।

चक्काजाम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता भागवत महाजन ने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की चुप्पी चिंता का विषय है और जनता के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है। पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, प्रतिभा चौरे ने भी अपने विचार रखे।

एसडीएम-एसडीओपी ने की चर्चा, समाधान नहीं निकला

लगभग समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी था। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल (राजस्व), जिला आबकारी अधिकारी एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी ने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर विस्तृत चर्चा की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया।

दुकान के सामने 15 दिन होगा श्रीमद् भागवत कथा

विधायक विजय चौरे ने बताया धरना आंदोलन जारी रहेगा। दो दिन बाद पंद्रह दिन क़ा श्रीमद भागवत कथा क़ा आयोजन किया जाएगा।

आंदोलन में ये रहे उपस्थित

शराब दुकान हटाए जाने की मांग को लेकर छठवें दिन के आंदोलन एवं चक्काजाम में जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, छिंदवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, किरण चौधरी, जिला को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी, वरिष्ठ नेता युवराज जिचकार, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, पूर्व मंडी अध्यक्ष विमल चौधरी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, राजू चौधरी, रामशीला सूर्यवंशी, पांढुर्णा नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, शंकर ब्रम्हे, संजय ठाकरे, निलीमा पाटिल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

पांढुरना कृषि आदान विक्रेता संघ का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

नव भारत न्यूज, पांढुरना,3 जून, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृषि आदान विक्रेता संघ जिला पांढुरना का वार्षिक मिलन समारोह आज बुधवार को नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग के दुर्गा माता मंदिर से लगे श्री गुरुकृपा मंगल कार्यालय में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सिंह उप संचालक कृषि छिंदवाड़ा, प्रकाश जैन जिला अध्यक्ष बैतूल, पांढुरना जिला अध्यक्ष निकेश खानवे उपस्थित हुए , बैठक में व्यापार में आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं , E Vikas प्रणाली में आ रही समस्याओं के बारे में DDA साहब को अवगत कराया , जितेंद्र सिंह ने बताया कि सभी विक्रेता भाई शासन के नियमों को ध्यान में रखते हुए व्यापार करे किसी को कोई समस्या नहीं आएगी , साथ ही प्रकाश जैन ने बताया कि कैसे मध्य प्रदेश संघ खाद बीज कीटनाशक व्यापार में आने वाले समय में किस तरह की समस्याये आ सकती है , एवं पेस्टीसाइड बिल के बारे में जानकारी दी गई , इसी के साथ पांढुरना के जिला अध्यक्ष निकेश खानवे द्वारा सभी अतिथियो का अभिवादन किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रगट किया , साथ ही उपस्थित रहे हसमुख भाई शाह , आलोक नाहर , रूपेश राजगुरु, कपूर किनकर , केशव डाले , अतुल लोनकर, सुनील पराड़कर , मोहित नाहर, महेंद्र राठौर , अमरीश जायसवाल , विजय ढगे आदि विक्रेता बंधु उपस्थित रहे।

स्टेट बैंक बैकयार्ड पोल्ट्री प्रदाय योजना से ग्रामीणों को मिला स्वरोजगार का नया माध्यम

नवभारत न्यूज, पांढुर्णा/03 जून, ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड पांढुर्णा में स्टेट बैंक बैकयार्ड पोल्ट्री प्रदाय योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। योजना के माध्यम से विभिन्न ग्रामों के कुल 58 हितग्राहियों को बैकयार्ड पोल्ट्री इकाइयों का वितरण किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।योजना के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को 80 डीवीए एवं 40 रंगीन चूजे, कुल 120 चूजे प्रदान किए जाते हैं। एक इकाई की कुल लागत 2,225 रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें 1,669 रुपये अनुदान राशि के रूप में तथा 556 रुपये हितग्राही अंशदान के रूप में शामिल हैं। इस व्यवस्था से ग्रामीण परिवारों को कम लागत में पोल्ट्री व्यवसाय प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विकासखंड के जिन ग्रामों में हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है, उनमें पांढुर्णा (9), भूली (3), मारुड (3), राजडोंगरी (5), लांडोरी (2), चिमनखापा (2), खैरिपेका (8), लाम्बा (2), पारड़ी (1), दिघोरी (2), रजाडीखापा (2), मांगुरली (1), मोरडोंगरी (1), लोहरी साहनी (1), जामलापानी (11), पीपलपानी (4) तथा तिगांव (1) शामिल हैं।

जिले के 441 किसानों से सरकार ने 2669 .35 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी

5.81 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खाते में की जमा

नव भारत न्यूज

पांढुरना,3 जून , रबी विपणन वर्ष 2026-27 में पांढुर्णा जिले में गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 06 पंजीयन केन्द्र बनाये गये थे, जिनके माध्यम से 864 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया था। पंजीकृत किसानों के गेहूं विक्रय के लिए जिले में 03 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये थे। इनमें 02 केन्द्र पांढुर्णा के शासकीय गोदाम मोरडोंगरी एवं नांदनवाडी में तथा 01 केन्द्र सौंसर कृषि उपज मंडी प्रांगण में संचालित किया गया। तीनों केन्द्रों में कुल 506 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये गये थे। शासन द्वारा निर्धारित खरीदी की अंतिम तिथि 28 मई 2026 तक जिले के 441 किसानों ने अपने गेहूं का विक्रय किया। जिले में कुल 2669.35 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। उपार्जित गेहूं के विरुद्ध परिवहन कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उपार्जन कार्य के साथ-साथ किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से पूर्ण की गई है। अभी तक किसानों को कुल 5 करोड़ 81 लाख 5 हजार 306 रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जिससे किसानों को समय पर उनकी उपज का मूल्य प्राप्त हुआ है।

गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के सदस्यों ने किया छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले का प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज़

सौंसर 3 जून. श्रीरामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कोटा, श्री सरोज देवी फाउंडेशन भीलवाड़ा तथा अमृता देवी पर्यावरण नागरिक संस्थान के साझा प्रयास से गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विस्तार हेतु पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तक भीलवाड़ा में किया गया।इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्था यूथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के सदस्य गोपाल कोठे, प्रशांत पाठे एवं पांढुर्णा से नीरज दुबे, सुनीता पराडकर, राजेंद्र धारे को मास्टर ट्रेनर के रूप

में प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी, भारत सरकार तथा भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 17 राज्यों के 154 जिलों से 343 तहसील के 604 गांव के 1011 किसान उपस्थित रहे, जिनमें 73 महिला किसान शामिल थीं।

उद्घाटन एवं समापन-

उद्घाटन सत्र में भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी, कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, आरसीएम के संस्थापक एवं डायरेक्टर तिलोकचंद छाबड़ा, गोयल गौ अनुसंधान केंद्र कोटा के संस्थापक ताराचंद्र गोयल उपस्थित रहे। समापन समारोह केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा सांसद दामोदर अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।मुख्य वैज्ञानिक पवन टॉक, श्री राम शांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कोटा के प्रमुख मार्गदर्शन में अलग सत्रों में वैज्ञानिकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। आरसीएम के संस्थापक एवं चेयरमैन त्रिलोचन छाबड़ा सभी सत्रों में उपस्थित होकर मार्गदर्शित करते रहे।

बागियों को नाम वापसी के लिए मनाएंगे

नागपुर, निज संवाददाता. विधान परिषद चुनाव में महायुति के कुछ इच्छुक नेताओं ने बगावत कर नामांकन दाखिल कर दिया है. ऐसे नेताओं से चर्चा कर नामांकन वापस लने के लिए मनाया जाएगा. राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि यदि महायुति के किसी कार्यकर्ता या पदाधिकारी ने नामांकन भरा है तो उन्हें समझाकर नाम वापस लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा. वे नागपुर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. शिंदे सेना के नेता अब्दुल सत्तार द्वारा भाजपा पर शिवसेना को धीरे-धीरे खत्म करने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि समन्वय समिति की बैठक में यह तय किया गया था कि कोई भी सार्वजनिक बयान देने से पहले संबंधित नेताओं की अनुमति ली जाएगी. उन्होंने अनुमति ली थी या नहीं, यह सवाल डीसीएम एकनाथ शिंदे से पूछा जाना चाहिए.

राजनीतिक लाभ के लिए नहीं लाडली बहन योजना

लाडली बहन योजना पर विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना किसी राजनीतिक लाभ के लिए शुरू नहीं की गई है. यदि कुछ लाभार्थियों के नाम सूची से हट गए हैं तो उनकी पुन: जांच कर आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं. सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. महिला पुलिस अधिकारियों के तबादलों को लेकर लगाए गए आरोपों पर कहा कि जब किसी व्यक्ति का तबादला उसकी इच्छा के अनुसार नहीं होता तब अक्सर इस प्रकार के आरोप लगाए जाते हैं. नागपुर में कांग्रेस के उम्मीदवारों के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी.

प्याज उत्पादक किसानों को राहत देगी सरकार

रोहित पवार द्वारा प्याज उत्पादक किसानों को 25 रुपये प्रति किलो का भाव देने की मांग को लेकर किए गए आंदोलन के संदर्भ में बावनकुले ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्याज निर्यात से संबंधित कुछ समस्याएं पैदा हुई हैं. प्याज उत्पादक किसानों को राहत देने के लिए सरकार सकारात्मक है. सरकार की प्राथमिकता है कि प्याज उत्पादक किसानों को राहत मिले.

प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

पेयजल, पेंशन, अवैध निर्माण, सीएम हेल्पलाइन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

पांढुर्णा/ 03 जून ,जिले में जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, लंबित प्रकरणों, जन शिकायतों तथा विकास कार्यों की विभागवार गहन समीक्षा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, डीएफओ सचिन एच.एन., संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रभारी तहसीलदार सुश्री प्रेक्षा पाठक, प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ विनय प्रकाश ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला

अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी मामलों का समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने भू-अभिलेख क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए तहसीलदार सुश्री प्रेक्षा पाठक को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने वाटरशेड संबंधी गतिविधियों की प्रगति का जायजा लिया। ग्राम मड़कावाड़ा की जल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बड़ चिचोली एवं पठारा क्षेत्र में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता से जुड़ी शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा भी की गई। जनपद पंचायत सौसर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रघुनाथ करोले के पेंशन प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। वहीं शिक्षा विभाग को कन्हैयालाल के पेंशन संबंधी प्रकरण का दो दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्री अग्रिम कुमार ने किसानों को खाद की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सोसायटियों में खाद वितरण कार्य पूर्ण करने तथा आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि आगामी कृषि कार्य प्रभावित न हों।

नगर पालिका पांढुर्णा के सीएमओ श्री राजकुमार इवनाती को नीलकंठ श्मशान घाट मार्ग की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जनपद सीईओ एवं पीएचई विभाग को बाहरी जल आपूर्तिकर्ताओं से जल कर (वॉटर टैक्स) की वसूली तथा संबंधित प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिले में 92 प्रतिशत से अधिक संतुष्टि स्तर बनाए रखा जाए।

नगर के वरुड रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करने आए रेल विभाग के अधिकारी

नव भारत न्यूज

पांढुरना,3जून, नगर के अमरावती रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज स्थल का निरीक्षण करने आज रेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही निर्माण कार्य कराने वाले एजेंसी के अधिकारियों ब्रिज निर्माण कार्य स्थल पर पहुचकर जायजा लिया,लंबे अर्से बाद रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य शुरू होने के कार्य को देख लोगों में खुशी दिखाई दे रही हैं।

उल्लेखनीय हो कि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले पांढुरना अमरावती मार्ग पर वरुड़ नाके के पास रेलवे फाटक से दिल्ली मद्रास वाली यात्री तथा मालवाहक ट्रेनों के गुजरने के दौरान कई कई बार आधा आधे घण्टे तक यह रेल फाटक बंद रहने से लोगों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़

रहा हैं।

इस रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर लंबे समय से मांग की जाती रही।जिले वासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए जिले के युवा सासंद विवेक बंटी साहू के अथक प्रयासों के चलते अत: केंद्रीय रेल मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई स्वीकृति के बाद अब इस ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र ही शुरू होने जा रहा हैं

आज बुधवार 3 जून को रेल तथा निर्माण एजेन्सी के अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर पहुचकर जायज लिया, इस दौरान इनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, युवा भाजपा नेता योगेश राठौड़ आदि साथ मे थे ।

इस सर्वे के दौरान प्रस्तावित निर्माण कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं का निरीक्षण किया गया। रेल्वे अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि सर्वप्रथम रेल्वे अंडरपास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके उपरांत रेल्वे ओवरब्रिज एवं संबद्ध सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना का मार्ग प्रशस्त होगा।

यह परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नगर के विकास को नई गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पांढुर्ना के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग इस ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य का शुभारंभ होता देख लोगों में खुशी दिखाई दे रही हैं ।

पूर्व मंत्री मोहोड ने अस्पताल का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

रिक्त पदों की पूर्ति के लिए स्वास्थ्य मंत्री से करेंगे भेंट, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता

नवभारत न्यूज़

सौंसर 3 जून. पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया।

संसाधनों और स्टाफ की उपलब्धता पर की चर्चा

इस दौरान पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकड़े से अस्पताल में रिक्त पदों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता, आवश्यक संसाधनों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक

प्रभावी एवं सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्राथमिकता

श्री मोहोड ने कहा कि ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं रिक्त पदों की पूर्ति के लिए स्वास्थ्य मंत्री से भेंट कर प्रयास किए जाएंगे, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी दिए। अवसर पर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मनोनीत पार्षद मिलिंद गोलू वाडेकर, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ अढ़ाऊ सहित अस्पताल स्टाफ उपस्थित था।

समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सौंसर

हीरा हिंगवे उम्र 77 साल पति पंना हिंगवे, जाति- पवार निवासी वार्ड नं. 18 छिंदवानी, तहसील- सौंसर जिला - पांढुर्णा म.प्र.

.....आवेदिका

विरुद्ध

1. सर्वसाधारण आम जनता
2. शाखा प्रबंधक - सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिपला नारायणवार, तहसील सौंसर, जिला पांढुर्णा म.प्र.

.....अनावेदकगण

MJC SUC/142/2026

पेशी तारीख :- 06.08.2026

वाद के निपटारे हेतु समंस

(आदेश 5 नियम 1 और 5)

प्रेषिती :- सर्वसाधारण आम जनता

आवेदिका ने सर्वसाधारण के विरूद्ध मृतिका कचरा डोंगरदिये, पति बाबुलाल डोंगरदिये के उत्तराधिकारी होने के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मिलने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत वाद क्र. MJC SUC/142/2026 इस न्यायालय में संस्थित किया गया है, आपको इस न्यायालय मे तारीख 06/08/2026 को दिन मे 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है, आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके । न्यायालय मे आपके उपसंजातीय के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको उस दिन उन सब साक्षियो को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है ।

आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिती मे किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी ।

यह आज तारीख 02/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सौंसर

दिनांक :-02-06-26

(सचिन जैन)

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सौंसर

जिला छिंदवाड़ा म.प्र.